राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–78/2026

समर्थ पोर्टल के मॉड्यूल्स को मिशन मोड में लागू करें– राज्यपाल

पटना 12 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन में आयोजित बैठक में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को 'समर्थ पोर्टल' के मॉड्यूल्स को मिशन मोड में लागू करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोर्टल के कम–से–कम 10 मॉड्यूल का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि समर्थ पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाले डेटा की पूर्ण विश्वसनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए ऐसी प्रमाणन व्यवस्था विकसित की जाए, जिसके अंतर्गत यह सुनिश्चित हो कि अपलोड किए गए डेटा का विधिवत परीक्षण एवं सत्यापन कर लिया गया है।

बैठक के दौरान राज्यपाल ने उच्च शिक्षा व्यवस्था के अध्ययन एवं सुधार संबंधी सुझावों के लिए तीन अलग–अलग टास्क फोर्स गठित करने का भी निदेश दिया, जो अन्य राज्यों का भ्रमण कर वहाँ की उच्च शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करेंगी।

बैठक में उन प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई, जहाँ वर्तमान में कोई डिग्री कॉलेज उपलब्ध नहीं है। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया तथा अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, राज्यपाल के सचिव श्री गोपाल मीणा, उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक, विभागीय एवं राज्यपाल सचिवालय के अन्य पदाधिकारीगण सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

....